हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

10 प्रेशर आईईडी, देशी हथियार और विस्फोटक सामग्री जब्त


11 कांग्रेस को मिली नई ताकत




## कार्लाकोंटा में पहली बार जले बिजली के बल्ब, सघन वन क्षेत्र में बसे 43 परिवारों तक पहुंची रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विकासखंड लोहंडीगुड़ा के सघन वनों से घिरे ग्राम कार्लाकोंटा में अब अंधेरा बीते दिनों की बात हो गई है। वर्षों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे इस दूरस्थ आदिवासी गांव में विद्युतीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है। इस पहल से गरीबी रेखा वर्ग के 43 परिवारों के घरों में पहली बार बिजली पहुंची है, जिससे ग्रामीणों के जीवन में विकास और उम्मीद की नई रोशनी आई है। ग्रामीणों ने अपने गांव में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन के समक्ष आवेदन दिया था। जिला के आला अधिकारी ने भी गांव का दौरा कर ग्रामीणों से चर्चा की थी। ग्रामीणों को विकास कार्यों के लिए आश्वस्त भी किया था।

दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों और घने जंगलों के बीच विद्युत अधोसंरचना तैयार करना चुनौतीपूर्ण था। विभाग ने इसे सफलतापूर्वक पूरा कर ग्रामीणों को बड़ी राहत दी। इस परियोजना के तहत 3 किलोमीटर 11 केवी विद्युत लाइन, 4.9 किलोमीटर लो टेंशन लाइन तथा 25 केवी क्षमता के चार ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य पर 99.19 लाख रुपए की लागत आई है। जिसका भुगतान एससीए योजना के अंतर्गत किया गया है।

### लगभग एक करोड़ में पूरा हुआ विद्युतीकरण कार्य




### आधारभूत सुविधाओं का विस्तार से जीवनस्तर में सुधार

*योजना का उद्देश्य दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर वहां के लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। बिजली पहुंचने से अब ग्रामीणों को रात में रोशनी, बच्चों को बेहतर अध्ययन का माहौल, घरेलू कार्यों में सुविधा तथा भविष्य में आजीविका गतिविधियों के नए अवसर मिल सकेंगे। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और संचार जैसी सेवाओं तक पहुंच भी पहले की तुलना में आसान होगी।*

## खबर संक्षेप



### पुसपाल में ग्रामीण महिलाओं को दी गई कानून की जानकारी

**जगदलपुर।** सुरक्षित समाज की नींव जागरूक नागरिकों से पड़ती है जब महिलाएं अपने अधिकारों को जानती हैं। आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती हैं और समाज उनका सम्मान करता है। तभी वास्तविक विकास संभव होता है। मंगलवार को महिला थाना जगदलपुर प्रभारी राजकुमारी पांडेय, पद्मिनी ठाकुर, काउंसलर गायत्री आचार्य, सुशीला कश्यप और स्टॉफ ने पुसपाल ग्राम में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। इस अवसर पर ऐसे समाज के निर्माण की बात कही गई जहां हर महिला निर्भय होकर अपने सपनों को साकार कर सके। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं, बालिकाओं को, महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव समेत घरेलू हिंसा, बाल संरक्षण और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में पुलिस आपकी मित्र और सहयोगी है। इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी घोषित

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ की नवीन जिला कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें जिला संयोजक अनिल राव, सह संयोजक बसंत जोशी व यजुवेन्द्र सिंह, कार्यालय प्रभारी शाकुल फातिमा राजपूत, मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, सह मीडिया प्रभारी श्वेता शर्मा बने हैं एवं कार्यकारणी सदस्यो में अरूण कुमार दास, एल.भानुप्रकाश राव, जे. राजेश, बृजनंदन वर्मा, शुभम नेताम, तुषार यादव, मंगल राम कश्यप के नाम शामिल हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ की नवीन कार्यकारिणी टीम को बधाई देते हुए संगठन की रीति नीति पर कार्य करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने की अपेक्षा की है।

### लैटरल एंट्री के माध्यम से 19 रिक्त सीटों के लिए प्रवेश शुरू

जगदलपुर। प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 11वीं में लैटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए संशोधित सूचना जारी की गई है। प्रवेश प्रक्रिया के माध्यम से विद्यालय की कुल 19 रिक्त सीटों को भरा जाएगा। जिसमें बालक वर्ग के लिए 16 सीटें और बालिका वर्ग के लिए 3 सीटें निर्धारित हैं। वर्गवार विवरण के अनुसार अनुसूचित जनजाति के लिए केवल 1 बालिका सीट, अनुसूचित जाति के लिए 3 बालक व 1 बालिका सीट, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 7 बालक व 1 बालिका सीट तथा सामान्य वर्ग के लिए 6 बालक सीटें उपलब्ध हैं। जबकि विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के लिए कोई सीट रिक्त नहीं है। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए ऑफलाइन आवेदन 29 जून से शुरू हो चुका है।

## मानसून के चलते अस्पताल में बढ़े सर्दी, खांसी, बुखार के मरीज

महारानी अस्पताल के ओपीडी मरीजों से खचाखच

# बदले मौसम ने किया बीमार ओपीडी पहुंची 1200 के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बदलते मौसम और बारिश के कारण अस्पतालों की ओपीडी में वायरल फीवर, सर्दी, खांसी और सांस लेने में तकलीफ वाले मरीजों की संख्या में आया है। बारिश के बाद मौसम भले ही सुहावना हुआ हो, लेकिन बढ़ी उमस ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। मौसम में आए इस बदलाव के साथ वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम, गले में संक्रमण जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगा है। इसका असर शहर के शासकीय जिला महारानी अस्पताल में भी दिखाई देने लगा है। बुधवार होने के बावजूद सरकार अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में मरीज बुखार, जुखाम, सिर दर्द जैसी परेशानी लेकर मरीज पहुंचे। इस तरह से 1200 अधिक की ओपीडी दर्ज की गई। अस्पताल में वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम, गले में संक्रमण, उल्टी-दस्त और तेज बुखार की शिकायत वाले मरीज लगातार आ रहे हैं। कुछ मरीजों में डेंगू जैसे लक्षण दिखाई देने पर उनकी जांच कराई जा रही है। लोगों से बिना डॉक्टर की सलाह के दवा लेने से बचने और लक्षण दिखने पर तुरंत अस्पताल आने की अपील की। तेज धूप के बाद बारिश होने की वजह से स्किन से संबंधित मरीज भी अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। इस मौसम में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना जरूरी है, इस समस्या को लेकर भी मरीज पहुंचते हैं। मरीजों को बताया जा रहा है कि बारिश के मौसम में घरों और आसपास पानी जमा न होने दें, क्योंकि यही डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर के पनपने का प्रमुख कारण बनता है। आने वाले दिनों में मानसून के आने से बारिश भी लगातार होगी उससे मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिल सकता है। इससे पहले की खुद को मानसून के समय के लिए तैयार करें।

### इन बातों का रखे खास

डॉक्टर ने मरीजों को बता रहे कि तेज बुखार, शरीर में दर्द, उल्टी या अत्यधिक कमजोरी को नजरअंदाज न करें। कोशिश करें कि बारिश में न भीगें, बाहर निकलते समय पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें और पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं हल्का और ताजा भोजन करें।

### चिकित्सक की सलाह बिना दवाओं का सेवन न करें

शासकीय जिला महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद ने बताया कि वायरल संक्रमण के लिए बिना चिकित्सक की सलाह के एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन बिल्कुल न करें। गले में खराश और सर्दी-जुकाम से राहत पाने के लिए गर्म पानी के गरारे करें और भाप लें।

### दूषित खाद्य पदार्थों से परहेज करें

सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक ने बताया कि बुखार अधिक दिनों तक रहने या सांस लेने में परेशानी होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या विशेषज्ञ चिकित्सक से मिलें। बारिश में भीगने से बचें और हमेशा ताजा व गर्म भोजन करें, बाहर के दूषित खाद्य पदार्थों से परहेज करें।

## करंट से पूर्व सरपंच की मौत, खेत में बिजली तार जोड़ते समय हुआ हादसा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/भानपुरी

बस्तर जिले के भानपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम कुम्हली में बुधवार दोपहर खेत में सिंचाई कार्य के दौरान एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम कुम्हली निवासी पूर्व सरपंच टीकम सिंह बघेल (40) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार करीब 12.30 बजे अपने खेत में धान रोपाई के लिए सिंचाई करने पहुंचा था। खेत में लगे मोटर पंप को चालू करने के लिए बिजली का कनेक्शन जोड़ रहे थे। इसी दौरान अचानक विद्युत प्रवाहित हो गई और वे करंट की चपेट में आ गए। करंट लगते ही टीकम सिंह गंभीर रूप से झुलसकर खेत में गिर पड़े। उनकी आवाज सुनकर आसपास काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे। लोगों ने तत्काल बिजली का संपर्क बंद कराया और उन्हें खेत से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मृतक अपने परिवार के साथ खेती-किसानी का कार्य करते थे।

### पुलिस ने कायम किया मर्ग

घटना की सूचना मिलते ही भानपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 62 चालानी कार्रवाई से 27 हजार समन शुल्क किया गया वसूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



- यातायात नियमों का पालन कराने चलाया चेकिंग अभियान

जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी पालन के लिए डीएसपी एवं यातायात नोडल अधिकारी विनीत साहू के नेतृत्व में यातायात जांच अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव के मार्गदर्शन में चले अभियान के दौरान यातायात प्रभारी केशव ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक विजय मंडावी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जांच के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 62 चालानी कार्रवाई की गईं। जिनसे 27,200 का समन शुल्क वसूल किया गया। इस अवसर पर वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। पुलिस ने अपील की है कि नागरिक हेलमेट, सीट बेल्ट एवं अन्य यातायात नियमों का पालन कर स्वयं तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## विद्युत यांत्रिक ठेकेदार संघ ने किया निविदाओं का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- वर्ष 2021 से विभाग द्वारा ठेकेदारों के लंबित भुगतानों का निराकरण नहीं

विद्युत यांत्रिक ठेकेदार संघ जगदलपुर द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि वर्ष 2021 से लेकर वर्तमान तक विभाग द्वारा ठेकेदारों के लंबित भुगतानों का निराकरण नहीं किया गया है। लगातार मांग एवं अनेक बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद भुगतान नहीं होने से ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। संघ ने कहा कि भुगतान में अत्यधिक विलंब के कारण ठेकेदारों को मजदूरी, सामग्री आपूर्तिकर्ताओं के भुगतान, बैंक ऋण एवं अन्य वित्तीय दायित्वों का निर्वहन करने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग की उदासीनता के कारण ठेकेदारों में भारी आक्रोश है। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए विद्युत यांत्रिक ठेकेदार संघ जगदलपुर ने निर्णय लिया है कि जब तक वर्ष 2021 से लंबित समस्त देय भुगतानों का निराकरण नहीं किया जाता, तब तक जगदलपुर डिवीजन द्वारा जारी की जाने वाली सभी नई निविदाओं का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया जाएगा। संघ ने शासन एवं विभागीय अधिकारियों से मांग की कि लंबित भुगतानों का शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि विकास कार्यों में अनावश्यक बाधा उत्पन्न न हो तथा ठेकेदारों के हितों की रक्षा हो सके।

## माचकोट रेंज में बाघ के पग चिन्ह दिखने से लोगों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- वन विभाग खोजी कार्रवाई में जुटी
- संभावित रास्तों पर कैमरा ट्रैप लगाने की तैयारी

बस्तर जिले के माचकोट वन परिक्षेत्र में एक अज्ञात जंगली जानवर के पगमार्क मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। वन्यजीवों और घने जंगलों से घिरे इस क्षेत्र में किसी बड़े हिंसक वन्यजीव के पदचिह्न देखे जाने की सूचना के बाद स्थानीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार पगचिन्ह बाघ का लग रहा है। इसकी जानकारी मिलते ही वन विभाग के परिक्षेत्र अधिकारी सौरभ रजक की टीम मौके पर पहुंचकर खोजी कार्रवाई में जुट गई है। वन पगमार्क्स की नाप-जोख की जा रही है और वन्यजीव की सटीक पहचान के लिए पदचिह्नों के सांचे लिए जा रहे हैं। इसके साथ ही अज्ञात जानवर की पहचान और उसकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए संभावित रास्तों पर कैमरा ट्रैप लगाने की तैयारी भी की जा रही है।

### ग्रामीण इलाकों में अलर्ट जारी

वन विभाग के एसडीओ योगेश कुमार रात्रे ने इस संबंध में कहा कि एहतियात के तौर पर माचकोट और उससे सटे आस-पास के वन्यजीव विचरण की सूचना है, पर पुष्टि नहीं है कि कौन सा जीव है। फिर भी ग्रामीण इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया है, जिसमें ग्रामीणों को अकेले जंगल की ओर न जाने और शाम के वक्त सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। उन्होंने कहा कि पगमार्क के विश्लेषण और कैमरे की फुटेज के बाद जल्द ही जानवर की सही पहचान कर ली जाएगी, तब तक स्थानीय लोग किसी भी तरह की अफवाहों से बचें।

### जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश

## एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी अदा करेगी बीमा क्षति दावा राशि 75 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बुधवार को एक प्रकरण में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मुंबई द्वारा आवेदक को बीमा क्षति दावा राशि 75 हजार रुपए, मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रुपए एवं सेवा में कमी हेतु 20 हजार रुपए अदा करेगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुकमा निवासी आवेदक रविन्द्र सेमुअल ने स्वयं के नाम पर एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से बीमा करवाया था। आवेदक के बीमा अवधि के दौरान दुर्घटना में क्षतिग्रस्त होने पर बीमा कंपनी के समक्ष बीमा दावा प्रस्तुत किया गया था, पर बीमा कंपनी द्वारा वांछित दस्तावेज प्रदान न किए जाने का कारण बताकर, आवेदक का दावा बंद कर दिया गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इसकी सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने कहा कि भारतीय विनियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा 12 जून 2024 को जारी परिपत्र में कहा गया कि बीमा कंपनियां किसी भी दावे को दस्तावेज के अभाव में खारिज नहीं कर सकती है। साथ ही बीमा कंपनियों को निर्देशित किया गया है कि वह ग्राहकों को पॉलिसी जारी करते समय सभी आवश्यक दस्तावेज एकत्र कर लें। नियामक द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि ग्राहकों को केवल उन दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है जो सीधे दावा निपटान से संबंधित है।

### सेवा में माना कमी

बीमा कंपनी द्वारा बीमा पॉलिसी के अनुबंध के अनुसार आवेदक द्वारा उपचार व्यय के संबंध में प्रस्तुत बीमा दावा को बंद कर एवं राशि आवेदक को प्रदान न कर सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। इस संबंध में आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रुपए एवं सेवा में कमी हेतु 20 हजार रुपए पृथक से दिए जाने का भी आदेश पारित किया गया है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### एनएच- 10 में अज्ञात कार की टक्कर से युवक घायल

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे-30 पर मस्सू कोकोड़ा के पास मंगलवार रात करीब 8. 30 बजे एक अज्ञात कार ने युवक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। फिलहाल घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस अज्ञात वाहन एवं उसके चालक की तलाश करते हुए मामले की जांच में जुटी है।

### जिले में पेट्रोल–डीजल की पर्याप्त उपलब्धता

**कोण्डागांव।** जिले में पेट्रोल–डीजल की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन लगातार निगरानी बनाए हुए है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि ऑयल कंपनियों के साथ निरंतर समन्वय कर जिले के सभी 38 पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्र में पेट्रोल और डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं एवं किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। प्रशासन के अनुसार जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन की नियमित आपूर्ति हो रही है। उपभोक्ता एवं कृषक अपनी आवश्यकता के अनुसार आसानी से पेट्रोल–डीजल प्राप्त कर रहे हैं और किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। अनावश्यक रूप से पेट्रोल–डीजल का भंडारण न करें तथा केवल आवश्यकता के अनुरूप ही ईंधन की खरीद करें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को सुचारु रूप से ईंधन उपलब्ध होता रहे।

### वन महोत्सव में विधिक प्राधिकरण में पौधारोपण



**कोण्डागांव।** वन महोत्सव 2026 के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिपावंड में आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री गायत्री साय ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया। सचिव सुश्री गायत्री साय ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन, जैव विविधता और मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के महत्व की जानकारी दी गई। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी–कर्मचारी, प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने इस प्रेरणादायी पहल के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं वन विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बस्तर की पारंपरिक सल्फी ने दी बाजार में दस्तक, 10 साल की मेहनत के बाद देता है पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

## इस बार 50 रुपए प्रति की दर से बिकने आए पौधे

बस्तर की पारंपरिक पहचान माने जाने वाली प्राकृतिक पेय सल्फी एक बार फिर बाजार में है। स्थानीय साप्ताहिक बाजार में गांव से आई एक महिला सल्फी के पौधे 50 रुपए प्रति पौधा की दर से बेचती नजर आई। इस दुर्लभ पौधे को खरीदने के लिए लोगों में खासा उत्साह देखा गया। ग्रामीणों के अनुसार सल्फी का पौधा लगाने के बाद लगभग 10 वर्षों तक उसकी देखभाल करनी पड़ती है। इसके बाद पौधा रस देने योग्य होता है। लंबे समय तक उससे नियमित रूप से रस प्राप्त किया जा सकता है। यही कारण है कि इसे ग्रामीण क्षेत्रों में दीर्घकालिक आय का भी महत्वपूर्ण स्रोत माना जाता है। सल्फी के पौधों की बिक्री और उनसे प्राप्त होने वाला रस अनेक ग्रामीण परिवारों की आय का प्रमुख स्रोत है। बरसात के मौसम में इन पौधों की मांग बढ़ जाती है, क्योंकि किसान इन्हें खेतों और बाड़ियों में लगाते हैं। एक बार तैयार होने के बाद यह पौधा वर्षों तक परिवारों को आर्थिक लाभ पहुंचाता है।

बस्तर की सांस्कृतिक विरासत में सल्फी केवल एक पेय नहीं, बल्कि प्रकृति से जुड़ी जीवनशैली और पारंपरिक ज्ञान का प्रतीक है। साप्ताहिक बाजार में सल्फी के पौधों की बिक्री यह दर्शाती है कि आधुनिक दौर में भी ग्रामीण समुदाय अपनी इस अमूल्य धरोहर को संजोए हुए हैं और नई पीढ़ी तक इसकी परंपरा पहुंचा रहे हैं।

### शीर्ष शाखा से बूंद-बूंद टपकता है प्राकृतिक रस

सल्फी निकालने की प्रक्रिया पूरी तरह पारंपरिक है। जब पौधा तैयार हो जाता है तो उसकी शीर्ष शाखा को विशेष तरीके से काटा जाता है। कटे हुए स्थान पर एक मटकी बांध दी जाती है, जिसमें रातभर बूंद–बूंद करके प्राकृतिक रस इकट्ठा होता रहता है। शाम को मटकी लगाई जाती है और अगली सुबह उसे उतार लिया जाता है। सुबह लगाई गई मटकी शाम को उतारी जाती है। यह प्रक्रिया लगातार कई दिनों तक चलती रहती है।



### बस्तर बीयर के नाम से प्रसिद्ध है सल्फी

बस्तर अंचल में सल्फी के प्राकृतिक रस को श्बस्तर बीयरश के नाम से भी जाना जाता है। सुबह निकला ताजा सल्फी रस मीठा, ठंडा और ताजगी देने वाला माना जाता है, जबकि कुछ समय बाद इसमें प्राकृतिक किण्वन फर्मेंटेशन शुरू हो जाता है। यही वजह है कि सल्फी बस्तर की संस्कृति, परंपरा और जनजीवन का अभिन्न हिस्सा मानी जाती है।

## सर्चिंग अभियान के दौरान नक्सली डंप किया बरामद

# प्रेशर आईईडी, देशी हथियार और विस्फोटक सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर



नक्सलमुक्त घोषित क्षेत्रों में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने तथा नक्सलियों की गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से नारायणपुर पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा लगातार सघन सर्चिंग, एरिया डॉमिनेशन एवं नक्सल विरोधी अभियान संचालित किए जा रहे हैं। संयुक्त अभियान के दौरान नारायणपुर पुलिस एवं 53वीं वाहिनी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल की संयुक्त टीम ने जंगल क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखा गया एक डम्प बरामद किया, जिसमें 15 किलोग्राम वजनी प्रेशर कुकर आईईडी सहित भारी मात्रा में देशी हथियार एवं विस्फोटक सामग्री मिली। अभियान के उपरांत संयुक्त दल सुरक्षित रूप से अड़िंगपार कैंप वापस लौट आया। क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान एवं सघन सर्चिंग लगातार जारी है। विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक रोबिनसन गुड़िया एवं 53वीं वाहिनी आईटीबीपी के कमांडेंट संजय कुमार के मार्गदर्शन तथा द्वितीय कमान संजय भारद्वाज के पर्यवेक्षण में 7 जुलाई को अड़िंगपार कैंप से ग्राम एडसमेटा एवं आसपास के जंगल क्षेत्र में संयुक्त एरिया डॉमिनेशन एवं सर्च अभियान संचालित किया गया। अभियान का नेतृत्व सहायक कमांडेंट आजाद सिंह द्वारा किया गया। संयुक्त टीम में आईटीबीपी के 34 जवान, नारायणपुर पुलिस का एक प्रतिनिधि एवं 5 सदस्यीय बम निरोधक दस्ता शामिल था। सर्चिंग के दौरान जंगल क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखी गई विस्फोटक सामग्री एवं हथियार बरामद किए गए। मौके पर मिले 15 किलोग्राम वजनी प्रेशर कुकर आईईडी को बम निरोधक दस्ते द्वारा निर्धारित सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करते हुए नियंत्रित विस्फोट के माध्यम से सुरक्षित रूप से निष्क्रिय किया गया।

- नक्सलमुक्त घोषित क्षेत्रों में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने अभियान जारी

### बरामद सामग्री

- 15 किलोग्राम वजनी प्रेशर कुकर आईईडी
- स्थानीय स्तर पर निर्मित रॉकेट लॉन्चर – 01 नग
- देशी 51 मिमी मोर्टार राउंड – 16 नग
- देशी 84 मिमी रॉकेट लॉन्चर राउंड – 05 नग
- देशी 40×46 मिमी बैरल ग्रेनेड लॉन्चर राउंड – 10 नग
- 303 राइफल के कारतूस – 08 नग
- सामरिक पाउच – 04 नग

# जनसेवा की भावना के साथ कार्य करें पुलिसकर्मी : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव



जिले में कानून व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने, अपराधों पर नियंत्रण स्थापित करने तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा की अध्यक्षता में जिला पुलिस कार्यालय में विशेष अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, थाना एवं चौकी प्रभारी तथा विभिन्न शाखाओं के प्रभारी शामिल हुए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने जिले की कानून व्यवस्था, लंबित अपराधों, शिकायतों के निराकरण, विवेचना की प्रगति तथा विभिन्न शाखाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा गंभीर एवं लंबित प्रकरणों की विवेचना शीघ्र पूरी कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किए जाएं। पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने, लंबित समन एवं वारंटों की शत–प्रतिशत तामिली सुनिश्चित करने तथा आदतन अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही नियमित रात्रि गश्त, सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन चेकिंग तथा विजिबल पुलिसिंग बढ़ाने पर विशेष बल दिया। पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने सभी थाना प्रभारियों को सामुदायिक पुलिसिंग को और अधिक मजबूत बनाने, ग्राम स्तर पर जनसंवाद बढ़ाने तथा फरियादियों के साथ संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियोजन अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर न्यायालय में दोषसिद्धि प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी विशेष प्रयास करने को कहा। बैठक के समापन पर पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुशासन, ईमानदारी और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया।

- थाना प्रभारियों को दिए सख्त निर्देश, उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

### सोशल मीडिया की करें मॉनिटरिंग

बैठक में सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं पर कड़ी निगरानी रखने तथा ऐसे मामलों में तत्काल वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही साइबर अपराध, ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, एटीएम फ्रॉड, डिजिटल सुरक्षा और यातायात नियमों को लेकर आम जनता के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों का सम्मान

बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। कॉप ऑफ द मंथ सम्मान आरक्षक अजरंग बघेल, आरक्षक लिलेश ध्रुव एवं आरक्षक दशरू नेताम को प्रदान किया गया। वहीं एम्पलाई ऑफ द मंथ सम्मान गिरजा शंकर देव को उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए दिया गया।

# सेवानिवृत्त हुए नवल को दी गई भावभीनी विदाई



**केशकाल।** जल संसाधन विभाग में कार्यरत रहे नवल किशोर साहू की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके लंबे एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि श्री साहू ने अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनका सरल, सौम्य एवं सहयोगी स्वभाव सभी के लिए प्रेरणादायी रहा। विभाग की ओर से उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय और दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएँ दी गईं। श्री साहू ने विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवाकाल के दौरान उन्हें सभी का भरपूर सहयोग, स्नेह और सम्मान मिला, जिसे वे सदैव स्मरण रखेंगे। इस अवसर पर विभाग के एसडीओ नितेश खोबरागड़े, इंजीनियर सरस महादेवकर सहित विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन श्री साहू के उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ किया गया।

## अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की

# निशुल्क पौधा वितरण केंद्र का शुभारंभ छायादार व औषधीय पौधे लोगों को बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

वनमंडल कोण्डागांव द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से जगदलपुर नाका चौक में निरूशुल्क पौधा वितरण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नागरिकों को फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का निरूशुल्क वितरण किया गया।




### पौधरोपण के साथ संरक्षण पर भी दिया गया जोर

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने पौधों का वितरण करते हुए नागरिकों से घर, आंगन, खेत, विद्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव है।

### हरित वातावरण को बताया स्वस्थ समाज की आधारशिला

*कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि हरित वातावरण स्वस्थ समाज की नींव है। उन्होंने नागरिकों से शासन के पर्यावरणीय अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाकर जिले को अधिक हरित और स्वच्छ बनाने का आग्रह किया। वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह ने बताया कि वन विभाग द्वारा जिले में पौधरोपण, निरूशुल्क पौधा वितरण एवं जनजागरूकता अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। पौधा वितरण केंद्र के माध्यम से नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न प्रजातियों के पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं।*

# मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत का त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल



मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करते हुए जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत ठाकुरपारा में साफ-सफाई एवं गंदगी की समस्या का समाधान कर दिया गया है। समस्या के निराकरण के बाद संबंधित हितग्राही ने पंचायत की त्वरित कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया है। ग्राम ठाकुरपारा निवासी तारकेश्वर पिता बुधराम ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव की गली में गंदगी फैली हुई है। साफ-सफाई नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। शिकायत प्राप्त होते ही ग्राम पंचायत द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित स्थल पर आवश्यक सुधार कार्य कराया गया तथा मिट्टी भराव कर मार्ग को व्यवस्थित किया गया। समस्या के समाधान के उपरांत हितग्राही तारकेश्वर ने 24 जून 2026 को ग्राम पंचायत भवन में हस्ताक्षरित संतुष्टि प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि उनकी शिकायत का निराकरण समय पर कर दिया गया है, जिससे वे पूर्णतः संतुष्ट हैं।

### गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निराकरण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण को प्राथमिकता दे रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, सड़क, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग लगातार कार्य कर रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल रही है।

# एसडीएम ने जन्मदिन पर स्कूली बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल

एसडीएम आकांक्षा नायक ने विकासखंड के ग्राम बटराली स्थित प्राथमिक शाला में स्कूली बच्चों के बीच बुधवार को अपना जन्मदिन मनाया और न्योता भोज कराया। जन्मदिन पर उन्होंने बच्चों एवं विद्यालय स्टाफ के साथ केक काटा। सभी विद्यार्थियों के लिए विशेष भोजन कराया। एसडीएम नायक ने बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर आत्मीयता और उत्साह से बच्चों के साथ भोजन किया। बच्चों पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

एसडीएम आकांक्षा नायक ने अपना जन्मदिन बच्चों के बीच मनाकर एक सकारात्मक संदेश दिया। जन्मदिन के इस अवसर को और भी यादगार बनाते हुए एसडीएम ने विद्यालय के लगभग 100 विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन के लिए अपनी ओर से स्टील की थालियां भेंट कीं। उनकी इस संवेदनशील पहल की विद्यालय स्टाफ, बच्चों और ग्रामीणों ने सराहना की।

- 100 विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन के लिए दी स्टील की थालियां



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में श्रीमती माहेश्वरी हिंडको सरपंच बटराली, खंड शिक्षा अधिकारी के. एस. पोया, राजाराम नेताम प्रधानअध्यापक, गणेश चंद्र देवांगन प्रधानाध्यापक, राजेश कुमार उइके, कुशल बैध, भूपेंद्र साहू, किरण सक्सेना, गोमती नेताम विद्यालय का समस्त स्टाफ सहित एसडीएम के माता पिता समेत परिजन भी उपस्थित रहे।

**समक्ष श्री प्रशांत कुमार ठाकुर नोटरी कोण्डागांव (छ.ग.)**
52 (4) छत्तीसगढ़ राजपत्र, दिनांक 15 जनवरी 2026
प्रारूप-(तीन)

**// शपथ-पत्र //**

मैं कुमारी दिव्या पति विजय कुमार पैकरा, उम्र 30 वर्ष, निवासी- ग्राम तेंदुभाठा, तह. कोटा, जिला बिलासपुर, छ.ग., जो कि आधार कार्ड **2107 3239 4203**, में अंकित है, तथा जन्मतिथि **05/05/1996** अंकित है। एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करती हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करती हूँ :-

1. मैं उपरोक्त पते की निवासी हूँ।
2. मेरा पुराना नाम कुमारी दिव्या है, आधार कार्ड **2107 3239 4203**, में अंकित है, तथा जन्मतिथि **05/05/1996** अंकित है। मैंने अपना नाम **कुमारी दिव्या** (पुराना नाम) से बदल कर **दिव्या पैकरा (DIVYA PAIKRA)** (नया नाम) रख लिया है। मेरी सही जन्मतिथि **05/05/1996** है।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है, और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता/करती हूँ, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ, तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

**शपथकर्ती**

**// सत्यापन //**

मैं **कुमारी दिव्या पति विजय कुमार पैकरा**, सत्यनिष्ठापूर्वक कथन करती हूं कि उपरोक्त कंडिका क्रमांक 01 से 05 तक के तथ्य मेरे स्वयं के जानकारी में सत्य एवं सही है। आज दिनांक 08/07/2026 को स्थान कोण्डागांव में हस्ताक्षर कर सत्यापित की हूँ।

**शपथकर्ती**



**खबर संक्षेप**

## मिंगाचल नदी पर बन रहा एनीकट



**बीजापुर।** जिले में पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बीजापुर आवर्धन जल प्रदाय योजना के अंतर्गत मिंगाचल स्थित बेरूदी नदी पर एनीकट निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। इस एनीकट के निर्माण से बीजापुर शहर के लिए वर्षभर पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही नदी में जल संरक्षण बढ़ेगा, जिससे भू-जल स्तर में सुधार, जल संवर्धन तथा स्थानीय लोगों और पशुओं के लिए निस्तारी की बेहतर सुविधा सुनिश्चित होगी। यह परियोजना केवल पेयजल आपूर्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की जल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जिले में सतत जल प्रबंधन को भी मजबूत करेगी। एनीकट बनने से वर्षा जल का बेहतर संचयन होगा और आसपास के क्षेत्रों में जल उपलब्धता में सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा। इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने के बाद बीजापुर शहर के नागरिकों को अधिक सुरक्षित, नियमित और बेहतर पेयजल सुविधा प्राप्त होगी, वहीं जल संरक्षण की दिशा में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## जिले में अब तक 271.2 मिमी. वर्षा दर्ज

**बीजापुर।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी तहसीलों में एक जून से अब तक 271.2 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 378.6 मिमी. औसत वर्षा भैरमगढ़ में दर्ज की गई है। इसी तहर कुटरू में 375.0 मिमी. वर्षा, बीजापुर में 318.0 मिमी. वर्षा, भोपालपटनम में 232.7 मिमी. वर्षा, गंगालुर में 223.0 मिमी. वर्षा एवं उसूर में 99.9 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है।

# माड़ इलाके में बोड़ा के लिए लंबा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोशलनार

इंद्रावती नदी पार माड़ इलाके के गांव में इस साल बोड़ा के लिए ग्रामीणों को लंबा इंतजार करना पड़ा। समयावधि के बाद उत्पादन से संग्राहक आय से वंचित रह गए। ग्रामीण लेट लतीफी का कारण अनुकूल माहौल का अभाव बता रहे हैं। भैरमगढ़

■ **शुरुआत में जात बोड़ा का दाम 3 हजार प्रति किलो के आसपास रहा**

ब्लॉक के कोशलनार, मंगनार, मटासी, तोड़मा, बुड़दुम, गोमटेर, मटासी और तुषवाल आदि माड़ इलाके के गांव साल वन से आच्छादित है। प्रतिवर्ष इन इलाके के लोग बोड़ा संग्रहण से अच्छी आय अर्जित करते रहे हैं। लेकिन इस साल कमाई घट गई। उत्तर बस्तर और मध्य बस्तर के वनग्राम के रहवासी 45 दिन पहले से ही बोड़ा संग्रहण कर रहे हैं। वही अबूझमाड़ के साल वनों में हाल- फिलहाल बोड़ा निकलना शुरू हुआ है। कोशलनार, मंगनार आदि माड़ इलाके में पहले चरण का जात बोड़ा का प्राकृतिक उत्पादन ही नहीं हो पाया। इस समय इन गावों में दूसरे चरण का लाखड़ी बोड़ा का संग्रहण किया जा रहा है। इस तरह से जात बोड़ा संग्रहण से मिलने वाली आमदनी और इस सब्जी के जाएके से वंचित रह गए। माड़ इलाके के ग्रामीणों की जीविका मुश्किल से चलता है। ऐसे में मंहगे दाम पर बोड़ा खरीदना इनके लिए संभव नहीं है। शुरुआत में जात बोड़ा का रेट लगभग 3 हजार रुपये प्रति किलो के आसपास रहा।

वही यह सब्जी हर जगह सहजता से नहीं मिल रहा था, केवल जगदलपुर में ही बोड़ा की बिक्री होती थी। माड़ इलाका कोशलनार- मंगनार में देर से बोड़ा उत्पादन का कारण ग्रामीण अनुकूल जलवायु का अभाव बता रहे हैं। करका निवासी बुधरी ने बताया कि इस साल जून में बारिश नहीं हुई। इस कारण साल के पत्ते सड़ नहीं पाए और पहले चरण का जात बोड़ा नहीं निकल पाया।





### बोड़ा में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट जैसे पोषक तत्व

थलेश ठाकुर के मुताबिक बोड़ा को ट्यूब ट्यूबर मशरूम भी कहा जाता है। जेठ की पहली फुहार में बोड़ा का प्राकृतिक उत्पादन होता है। इसका स्वाद लजीज होने के कारण लोग बड़े चाव से खाते है। इसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो गुणकारी है। प्राकृतिक फंगस से साल वृक्ष के नीचे मिट्टी में पनपने वाले बोड़ा की दो वैराइटी होती है। इसे जात या जेठहा बोड़ा और दूसरी किस्म को लाखड़ी बोड़ा कहा जाता है। पहली किस्म जेठ की पहली फुहार में निकलता है। इसका रंग मटमैला या काई की तरह नजर आता है। गुदा और उपरी परत नरम होता है। जबकि लाखड़ी बोड़ा का उपरी भाग सख्त और स्वाद में हल्का कड़ुवा होता है। इन दिनों मिलने वाला बोड़ा लाखड़ी है जो श्रावण पूर्णिमा तक वनग्राम में संग्रहण किया जाएगा।

### आठ युवाओं ने थामा पार्टी का दामन

# कांग्रेस को मिली नई ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा





कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति, जनहितैषी विचारधारा और संगठन की कार्यशैली से प्रभावित होकर आठ युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर आयोजित सदस्यता कार्यक्रम में पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शकील अहमद रिज़वी तथा जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा के नेतृत्व में सभी नवप्रवेशी सदस्यों का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं कांग्रेस का गमछा पहनाकर स्वागत किया गया। कांग्रेस की सदस्यता लेने वालों में अक्षय कुमार ठाकुर, अजय मुड़मी, डमरू ठाकुर, हिंगा राम बारसा, धर्मदेव ठाकुर, अर्जुन तेलम, प्रदीप भोगामी और सक्षम गहलोद शामिल हैं। सभी युवाओं ने कांग्रेस की विचारधारा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक देवती महेंद्र कर्मा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, आदिवासी, युवा और महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। यही कारण है कि आज बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं और युवाओं के जुड़ने से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी।

■ **देवती कर्मा, शकील रिज़वी और तुलिका कर्मा की मौजूदगी में ली कांग्रेस की सदस्यता**

जिला कांग्रेस अध्यक्ष शकील अहमद रिज़वी ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों और जनसेवा के प्रति समर्पण पर लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करने के लिए अभियान चला रही है और युवाओं की भागीदारी से कांग्रेस का जनाधार और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने सभी नवप्रवेशी सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने कहा कि कांग्रेस युवाओं को नेतृत्व का अवसर देने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि समाज और क्षेत्र के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है तथा उनके जुड़ने से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी नए सदस्य कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवप्रवेशी सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उपस्थित नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेंद्र गुप्ता, मनीष भट्टाचार्य, मनु वर्गीश, मनोज कौरव, सत्यभान सिंह जादौन, रितेश जैन, विवेक देवांगन, मंगल यादव, इंदिरा शर्मा, इंद्रा ठाकुर, राधा नाग, ज्योति राव, राधा साहू, संजय विश्वकर्मा, वेदांत पांडे, त्रिशंक ठाकुर, जीतू कश्यप समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

विकासखंड गीदम में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी व भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी व जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों का शत-प्रतिशत विद्यालय में प्रवेश कराने तथा नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया। अतिथियों ने शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी देते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी के सामूहिक सहयोग पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्यपुस्तकों एवं स्कुल बैग अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया।

साथ ही शिक्षा के महत्व एवं विद्यालय से जुड़ाव को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव ने विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र के प्रति उत्साह का वातावरण निर्मित किया तथा शिक्षा के प्रति समाज की सहभागिता को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, ममता मंडावी, शकुंतला भास्कर, नवीन विश्वकर्मा, दिनेश कौशल, कुणाल ठाकुर, सुदराम भास्कर, बैशुराम मंडावी, जिला शिक्षा अधिकारी दंतेवाड़ा, खंड शिक्षा अधिकारी गीदम, खंड श्रोत समन्वयक गीदम संकुल प्राचार्य, सर्व समन्वयक उपस्थित थे।

# पुलिस और जनता के बीच विश्वास सबसे बड़ी ताकत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 8 जुलाई को साप्ताहिक बाजार मोदकपाल में मावा पुलिस केतुल अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति, सामुदायिक पुलिसिंग एवं जनसहभागिता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर यातायात नोडल अधिकारी एवं उप पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार साहू, थाना प्रभारी मोदकपाल आकाश मसीह, रोड सेफ्टी सेल के अवध सिंहा, महिला प्रधान आरक्षक कावेरी मंडावी, थाना मोदकपाल का पुलिस स्टॉफ, डीआरजी के जवान तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान रोड सेफ्टी सेल के अवध सिंहा ने ग्रामीणों को सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं दूसरों का जीवन सुरक्षित रखने संबंधी विस्तृत जानकारी दी।

इसके पश्चात यातायात नोडल अधिकारी विनीत कुमार साहू ने उपस्थित ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, आर्थिक स्थिति और पूरे समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर भी विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आजकल अपराधी मोबाइल फोन, सोशल मीडिया एवं इंटरनेट के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे किसी भी स्थिति में ओटीपी, बैंक खाता, एटीएम पिन, यूपीआई पिन अथवा पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें तथा किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन अथवा निकटतम पुलिस थाना में सूचना दें।

थाना प्रभारी मोदकपाल आकाश मसीह ने संबोधन में कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं सहयोग ही सुरक्षित समाज की सबसे बड़ी ताकत है। ग्रामीण बिना किसी भय के पुलिस से जुड़ें, अपराध, नशा, अवैध गतिविधियों अथवा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। आपकी एक सूचना किसी बड़ी घटना को रोक सकती है। पुलिस सदैव आपकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए तत्पर है।



# डीएमएफ योजना में 24 किसानों को मिला पावर टिलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला खनिज संस्थान न्यास योजना के अंतर्गत गीदम में किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करते हुए 24 कृषकों को पावर टिलर का वितरण किया गया।

इस पहल का उद्देश्य कृषि कार्यों को आसान, कम खर्चीला एवं अधिक उत्पादक बनाना है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने किसानों को पावर टिलर की चाबी सौंपते हुए कहा कि आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग से खेती की लागत कम होगी, समय की बचत होगी तथा किसानों की आय बढ़ाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने किसानों से कृषि यंत्रों का बेहतर उपयोग कर आधुनिक खेती अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला कृषि सभापति अध्यक्ष ममता मंडावी, जिला कृषि सभापति सदस्य किलेश्वरी नागेश, जनपद पंचायत अध्यक्षा शकुंतला भास्कर, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश कौशल, जनपद कृषि सभापति मुन्ना राम कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कृषि विभाग की ओर से उप संचालक कृषि दंतेवाड़ा सूरज पंसारी, सहायक संचालक कृषि धीरज बघेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी किसान नेताम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अशोक कुमार नेताम सहित कृषि विभाग का अमला मौजूद रहा। ज्ञातव्य है कि पावर टिलर एक बहुउपयोगी कृषि यंत्र है, जिसका उपयोग खेत की जुताई, मिट्टी की गुड़ाई, मेड़ बनाने, बुवाई, खरपतवार नियंत्रण तथा विभिन्न कृषि उपकरणों को जोड़कर अन्य कृषि कार्यों में किया जाता है।

# पंचायत सचिव रखेंगे हर शादी का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा





कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित समय-सीमा (टीएल) बैठक में जिला प्रशासन ने बाल विवाह पर रोक, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास कार्यों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। कलेक्टर अमित कुमार के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी विभागों के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

■ **बाल विवाह रोकने सख्त कदम, लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश**

बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले प्रत्येक विवाह का रिकॉर्ड ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा संधारित कराने का रहा। जिला पंचायत सीईओ ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायत सचिव गांवों में होने वाली हर शादी का पूरा विवरण दर्ज करें। इसका उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा पर प्रभावी रोक लगाना है। साथ ही इस व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए गए। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद और पर्याप्त मात्रा में धान बीज उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। वहीं लोक सेवा गारंटी अधिनियम, बस्तर मुन्ने अभियान और सुशासन तिहार से जुड़े लंबित आवेदनों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग की समीक्षा में स्कूल छोड़ चुके और अप्रवेशी बच्चों को दोबारा स्कूल से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया। आंगनबाड़ी-स्कूल लिंक योजना की प्रगति की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को साइंस पार्क का नियमित भ्रमण कर बच्चों से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए गए।

### प्रगति रिपोर्ट से नाखुश सीईओ

स्वास्थ्य विभाग को 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर रोधी टीकाकरण अभियान प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। वहीं आयुष्मान कार्ड और वय वंदन योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया गया।

### जगरगुंडा एजुकेशन सिटी की हुई समीक्षा

बैठक में सीईओ ने जगरगुंडा एजुकेशन सिटी, उल्लास एकेडमी, कोटा केबिन, जिला पुस्तकालयों और सुशासन परिसर की प्रगति की समीक्षा की गई। जगरगुंडा के निर्माण कार्य, हड़मा स्टेडियम शेड, पंचायत कैफे, सुकमा-गोलपल्ली सड़क निर्माण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित प्रकरण, सामाजिक पेंशन और शासकीय भूमि आवंटन से जुड़े मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। सितंबर में प्रस्तावित साक्षरता महाअभियान परीक्षा में अधिक से अधिक निरक्षर लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए गए।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने स्कूल में लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल





राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा हरित वातावरण के निर्माण का संदेश देना था। शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य एसके श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी केपी सिन्हा, शिक्षिका धरती वर्मा, शिक्षक एके सोनी, लिपिक संजय मंडल, गजेंद्र झा तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ वायु तथा भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। अंत में सभी ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति निरंतर जागरूक रहने का संदेश दिया।

# अपोलो हॉस्पिटल का स्वास्थ्य टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले में पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन एवं भ्रूण लिंग परीक्षण पर रोक संबंधी प्रावधानों के सख्त पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार निगरानी एवं निरीक्षण की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेक के मार्गदर्शन में पीसीपीएनडीटी एक्ट जिला सलाहकार समिति द्वारा अपोलो एनएमडीसी हॉस्पिटल बचेली का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान समिति ने अस्पताल में संचालित सोनोग्राफी सेवाओं का बारीकी से परीक्षण किया। इस दौरान सोनोग्राफी मशीनों से संबंधित आवश्यक दस्तावेज, पंजीयन अभिलेख, मरीजों के रिकॉर्ड, रिपोर्टिंग रजिस्टर, निर्धारित प्रपत्रों का संधारण तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत निर्धारित सभी वैधानिक प्रावधानों एवं मानकों का गहन निरीक्षण किया गया। समिति ने यह भी सुनिश्चित किया कि अस्पताल में संचालित सभी गतिविधियां अधिनियम एवं शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित हो रही हैं। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में संचालित दो सोनोग्राफी मशीनों का सत्यापन किया गया। साथ ही अस्पताल में स्थापित अन्य नवीन सोनोग्राफी मशीन के संचालन के लिए पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया एवं दस्तावेजों का परीक्षण कर नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में पीसीपीएनडीटी एक्ट का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के लिए निजी एवं शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों का नियमित निरीक्षण किया जाता रहेगा। इस अभियान का उद्देश्य भ्रूण लिंग परीक्षण जैसी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाना, पारदर्शिता बनाए रखना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को कानून के अनुरूप संचालित करना है। निरीक्षण दल में डॉ. नमन सांखला, जिला नोडल अधिकारी प्रतीक सोनी, पीसीपीएनडीटी एक्ट के जिला सलाहकार अंकित सिंह एवं दिनेश ठाकुर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**Affidavit Format for Name Change**

I Md Tausif Ali Urf Faizan Ali, Son of Md Nurul Islam, aged about 24 years, residing at Dalpat Sagar Ward No 18, Bailabazar Road, Jagdalpur. District- Bastar, Chhattisgarh Pin Code-494001 do hereby solemnly affirm and state on oath as follows.

1. That my old name is Md Tausif Ali Urf Faizan Ali, and it is recorded in my academic documents.
2. That by virtue of a deed poll/personal preference, I have absolutely renounced, relinquished, and abandoned the use of my old name Md Tausif Ali Urf Faizan Ali and in place thereof have assumed, adopted, and determined to take the new name Muhammad Tausif Ali.
3. That for all future records, official transactions, deeds, and writings. I shall be known, addressed, and designated by my new name Muhammad Tausif Ali instead of my old name Md Tausif Ali Urf Faizan Ali.
4. That the statements made in paragraphs 1 to 3 of this affidavit are true, correct and nothing material has been concealed therefrom.

In witness whereof, I have signed and set my hand on this day, the 06 July 2026.

(Signature of Deponent)

**न्यायालय तहसीलदार, एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क. /ब-121/2025-26

**// उद्घोषणा पत्र //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री देवचंद कश्यप पिता स्व. भरतचंद कश्यप निवासी अम्बेडकर वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि अपने माता स्व. सोमारी पति स्व. भरतचंद निवासी अम्बेडकर वार्ड जगदलपुर का मृत्यु दिनांक 13/03/2015 को निवास स्थान शहर निवासी अम्बेडकर वार्ड जगदलपुर में हुआ है आवेदक किसी कारण से अपने माता का मृत्यु 13/03/2015 को मुख्य नगर पालिक अधिकारी जगदलपुर/उप पंजीयक ग्राम पंचायत जगदलपुर के अभिलेख में दर्ज नहीं करा पाया था। वर्तमान में आवेदक को अपने माता का मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता है उक्त संबंध में आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र सरपंच/ पार्षद का प्रमाण पत्र, सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन पत्र पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति न्यायालय में सुनवाई तिथि 17/07/2026 तक स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई अथवा विचार नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 03.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
जगदलपुर

**खबर संक्षेप**

## वेदांत दीक्षित ने संभाला पदभार



**जगदलपुर।** बस्तर जिला सहकारी संघ मर्या. के नवनियुक्त अध्यक्ष वेदांत दीक्षित ने मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना एवं दर्शन के पश्चात कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण करने के दौरान समर्थकों ने वेदांत दीक्षित का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा उन्हें पुनः इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि वेदांत दीक्षित इससे पूर्व भी बस्तर जिला सहकारी संघ मर्या. के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। उनके अनुभव एवं कार्यों को देखते हुए उन्हें पुनः इस दायित्व के लिए नियुक्त किया गया है।
उन्होंने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सहकारिता के क्षेत्र को अधिक सशक्त बनाने तथा किसानों एवं समितियों के हित में निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

## राजस्व सभापति ने फैसले का किया स्वागत

**जगदलपुर।** राज्य के सभी संभागीय एवं जिला मुख्यालय के नगरीय निकायों में डॉ. श्यामा



प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाएं स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन तथा उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव की पहल पर राज्य सरकार ने इस कार्य के लिए 10 करोड़ 60 लाख रुपये की स्वीकृत दी है। राज्य के 32 नगरीय निकायों में प्रतिमा स्थापना के लिए राशि स्वीकृत की गई है। नगर निगम के राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, वन मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक, सांसद तथा महापौर के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी समाज और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। निगम क्षेत्र में उनकी प्रतिमा स्थापित होने से उनके व्यक्तित्व, कृतित्व एवं राष्ट्र सेवा के आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त होगी।

## परियागुड़ा स्कूल के न्यौता भोज में शामिल हुए सरपंच



**जगदलपुर।** विकास खंड लोहण्डीगुड़ा अंतर्गत ग्राम गढ़िया के परियागुड़ा माध्यमिक शाला स्कूल के न्यौता भोज में आज ग्राम गढ़िया के युवा सरपंच भरत कश्यप सम्मिलित हुए। मिलनसार और ग्राम विकास के साथ सरकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए सक्रिय कश्यप ने इस अवसर पर शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राओं से भी मुलाकात की और उनका हाल जाना। इस दौरान उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ाने और पढ़ने के लिए आवश्यक टिप्स भी दिए। सरपंच का शिक्षकों ने स्वागत किया। सरपंच ने कहा कि बेहतर भविष्य के लिए हम मिलकर काम करें यह सबसे अच्छा होता है। उन्होंने छात्रों से कड़ी मेहनत के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ाने को कहा। इस दौरान प्रधान अध्यापक रमणी मौर्य, शाला समिति अध्यक्ष सुदरू सेठिया, पंच निरंजन बघेल, चेतन ग्वाल, क्षिप्रा किरण राव, दल्लुराम ठाकुर, सत्तो सेठिया, कामना तिवारी, तृप्ति खापर्डे सहित शिक्षक शिक्षिकाओं उपस्थित थे।

# हितग्राहियों को घर बैठे मिल रही बैंकिंग सुविधाएं, योजनाओं की राशि मिलना हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को सशक्त बनाने में बैंक सखियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनकी सक्रिय सेवाओं से अब ग्रामीणों को बैंकिंग कार्यों के लिए दूरस्थ बैंक शाखाओं तक जाने की आवश्यकता काफी हद तक कम हो गई है। गांव में ही विभिन्न बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध होने से समय और धन दोनों की बचत हो रही है तथा ग्रामीणों को त्वरित और सहज सेवाएं मिल रही हैं। बैंक सखियां माइक्रो एटीएम एवं आधार आधारित बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से नकद निकासी, जमा, बैलेंस जांच, धन अंतरण सहित अन्य बैंकिंग सेवाएं ग्रामीणों तक पहुंचा रही हैं। इसके साथ ही वे ग्रामीणों को डिजिटल लेन-देन, सुरक्षित बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता के प्रति भी जागरूक कर रही हैं।

बैंक सखियों के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की मजदूरी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं की राशि हितग्राहियों तक समय पर पहुंच रही है। इससे ग्रामीणों को लंबी दूरी तय कर बैंक जाने की परेशानी से राहत मिली है।विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों एवं दूरस्थ अंचलों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए बैंक सखियां एक भरोसेमंद सहायक के रूप में कार्य कर रही हैं। घर के समीप ही बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध होने से लाभार्थियों को सम्मानपूर्वक और सुविधाजनक तरीके से अपनी राशि प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही बैंक सखियां स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, छोटे व्यापारियों और ग्रामीण परिवारों को नियमित बचत, बैंक खाते के उपयोग तथा डिजिटल भुगतान के लिए प्रेरित कर रही हैं। इससे गांवों में वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ हो रही है। बैंक सखियों की सक्रिय भागीदारी से शासन की वित्तीय समावेशन की अवधारणा को नई गति मिली है। वे गांव और बैंक के बीच एक मजबूत सेतु बनकर न केवल बैंकिंग सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रही हैं, बल्कि ग्रामीणों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

## बैंक सखियों ने ग्रामीणों की वित्तीय गतिविधियों को दी मजबूती



### एक महीने में ग्रामीणों तक पहुंचाए 4.60 करोड़

बस्तर जिले में 141 बैंक सखी कार्य कर रही हैं जिन्होंने जून माह में पेंशन से संबंधित 3166 हितग्राहियों को ट्रांजेक्शन में 28 लाख 67 हजार 565 रुपए की राशि, एमविवाय के तहत 4097 हितग्राहियों को ट्रांजेक्शन में 38 लाख 82 हजार 470 रुपए की राशि, स्व सहायता समूहों के 22367 हितग्राहियों को 2 करोड़ 31 लाख 87 हजार से अधिक राशि, विबी जी राम जी (मनरेगा) में 2103 हितग्राहियों को 15 लाख 46 हजार 179 रुपए और अन्य 12026 वित्तीय हस्तांतरण में 1 करोड़ 44 लाख 78 हजार से अधिक राशि का वित्तीय गतिविधि की गई है ।

### बस्तर मुक्ति मोर्चा ने प्रशासन से दोषियों पर कार्रवाई की मांग की

# गांव की गरीब महिला का आवास निर्माण रूकवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्राम बड़े धाराऊर लोहंडीगुड़ा निवासी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की हितग्राही सुबली कश्यप के आवास निर्माण में बाधा उत्पन्न किए जाने का मामला सामने आया है। बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने जिला एवं पुलिस प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

संगठन के अनुसार सुबली कश्यप पिछले लगभग तीन वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास निर्माण के लिए प्रयास कर रही थीं। अनेक विभागों के चक्कर लगाने के बाद जब आवास निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ, तब कार्यकर्ता श्रमदान कर गरीब परिवार का घर बनाने में सहयोग कर रहे है।

इस दौरान गांव के मधु, रूपसिंह, महंगी कश्यप एवं पंच सोनामनी ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर कार्य रुकवाने, विवाद करने तथा वहां मौजूद मजदूरों को कथित रूप से धमकाने का आरोप लगाया है। संगठन का कहना है कि इस दौरान चित्रकोट विधानसभा अध्यक्ष कमल बघेल के साथ विवादपूर्ण व्यवहार किया गया, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। संगठन ने कहा कि पीड़ित परिवार लगभग 50 वर्षों से उक्त भूमि पर निवासरत है तथा उनके नाम कोई अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है। यदि भूमि से संबंधित कोई विवाद है तो उसका निराकरण सक्षम राजस्व न्यायालय अथवा संबंधित प्रशासनिक प्राधिकारी के समक्ष विधिसम्मत तरीके से किया जाना चाहिए। किसी भी व्यक्ति को कानून अपने हाथ में लेकर शासन की जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवास निर्माण को बलपूर्वक रोकने का अधिकार नहीं है।



### ये रहे मौजूद

इस दौरान ग्रामीण जिला अध्यक्ष संतु कश्यप, विधानसभा उपाध्यक्ष पाकलू कश्यप, पीड़िता सुबली कश्यप तथा कार्यकर्ता कमलू, महेंद्र और सुखराम उपस्थित रहे। सभी ने श्रमदान कर आवास निर्माण कार्य में सहयोग दिया तथा पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि न्याय मिलने तक संगठन उनके साथ खड़ा रहेगा।

### इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बाघ संरक्षण पर खर्च को सार्वजनिक किया जाए



- केंद्र और राज्य सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है

**जगदलपुर।** मानव अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य कार्यकर्ता एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अध्यक्ष नवनीत चांद ने इंद्रावती टाइगर रिजर्व में बाघ संरक्षण की वर्तमान स्थिति और संरक्षण में करोड़ों रुपये खर्च पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा है कि सरकार पूरे मामले में जनता के सामने ब्यौरा रखे।
उन्होंने कहा कि इंद्रावती टाइगर रिजर्व केवल वनों की नहीं, बल्कि प्राकृतिक स्थल है। ऐसे में बाघ संरक्षण की जिम्मेदारी केवल वन विभाग की नहीं, बल्कि संविधान, कानून और सरकार की संरचना का विषय है। पिछले कई वर्षों में बाघ संरक्षण, कैमरा ट्रैप, निगरानी, एंटी-पोचिंग कैंप, वन सुरक्षा, विपणन दल और आधुनिक सामग्री पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि उस निवेश का वास्तविक परिणाम क्या निकला। यदि संरक्षण व्यवस्था प्रभावी थी, तो वर्तमान स्थिति क्या है और यदि सामान के परिणाम नहीं मिले, तो उसकी जिम्मेदारी किसकी है। उन्होंने कहा कि सरकार को वर्ष 2018 से वर्तमान तक इंद्रावती टाइगर रिजर्व के लिए केंद्र और राज्य सरकार से प्राप्त राशि सार्वजनिक करना चाहिए।

## ब्रेथ एनालाइजर मशीन मुंह में लगाकर देखा गया चालक शराबी तो नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

- बाइक चलाते मोबाइल में बात करते धरे गए युवा
- नियम तोड़ने पर 11 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई
- बस्तर पुलिस का एनएच-30 में चला जांच अभियान

लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं बस्तर थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े के निर्देश पर पुलिस ने भोंड जोड़ान, नेशनल हाईवे-30 में जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान ट्रक, बस, मेटाडोर, पिकअप एवं बाइक सवारों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 11 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई।

पकड़े गए वाहन चालकों में बिना नंबर प्लेट बाइक, तीन सवारी बाइक चलाने तथा मोबाइल में बात करते हुए वाहन चलाने वाले शामिल हैं। इसके अलावा बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों एवं कार चालकों को सीट बेल्ट न बांधने पर यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर समझाइश दी गई।

वहीं ट्रक एवं अन्य बड़े वाहनों के चालकों का ब्रेथ एनालाइजर मशीन से शराब पीकर वाहन चलाने की जांच की गई। चालकों को मुंह में मशीन लगाकर फूंक मारने के बाद ही आगे जाने दिया गया।



पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

इस अभियान के दौरान बस्तर थाना के प्रशिक्षु एसआई दीपक कुमार बखला, एएसआई चतुरराम बघेल, प्रधान आरक्षक ओमकार नाथ पात्र, पारेश्वर मल्लो, सैनिक जालंधर बघेल, मेजर सहित जवान उपस्थित थे।

## जामावाड़ा में विद्यार्थियों को दी कानून की जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष गोविन्द नारायण जांगड़े के निर्देशानुसार मंगलवार को स्वामी

- आत्मानंद स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर

आत्मानन्द शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय जामावाडा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग और प्राचार्य प्रकाशचन्द्र रथ के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कु. अंकिता कश्यप द्वारा विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगणों एवं छात्र-छात्राओं के माध्यम से पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत और दीप प्रज्वलन किया गया। छात्र-छात्राओं को कानूनी सहायता सलाह एवं बाल अपराध, बाल मजदुरी, शिक्षा का अधिकार मौलिक अधिकारों से संबधित विस्तारपूर्वक जानककारी दी गई। छात्राओं को यह भी बताई कि किस प्रकार विधिक सेवाओं के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्वामी आत्मानन्द स्कूल के सभी शिक्षकगणों एवं कर्मचारीगण व छात्र-छात्राएं और पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित थे।

## बास्तानार के प्राचार्य बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- इंडियन टैलेंट ओलंपियाड नवी मुंबई ने लगातार चौथी बार उन्हें चुना

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार विकासखंड बास्तानार के प्राचार्य जी. शिवा रेड्डी को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, समर्पण एवं नवाचारपूर्ण कार्यों के लिए इंडियन टैलेंट ओलंपियाड नवी मुंबई ने बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा के योगदान के लिए लगातार चौथी बार दिया जा रहा है।



यह प्रतिष्ठित सम्मान विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण तथा उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए प्रदान किया गया। यह उपलब्धि विद्यालय, बस्तर एवं छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। प्राचार्य ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि विद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी एवं अभिभावकों की सामूहिक मेहनत, समर्पण और विश्वास का परिणाम है। उन्होंने इस पुरस्कार को अपने विद्यार्थियों की लगन, परिश्रम और विद्यालय परिवार के स्टाफ को समर्पित करते हुए कहा कि किसी भी संस्था की वास्तविक पहचान उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों से होती है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विद्यालय में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, खेलकूद, गणित, नवाचार, ओलंपियाड प्रतियोगिताओं, अनुसंधान, व्यक्तित्व विकास तथा नैतिक शिक्षा पर विशेष बल दिया जाएगा, ताकि यहां के विद्यार्थी वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि बस्तर के विद्यार्थी श्रेष्ठ वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी, खिलाड़ी, शोधकर्ता, उद्यमी एवं नवप्रवर्तक बनें तथा पूरे देश में बस्तर का गौरव बढ़ाएं।

विहिप और बजरंग दल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

## मां के नाम पर लगाए गए एक एक पौधे

**जगदलपुर** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल ने सेवा सप्ताह के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं पौधरोपण तारापुर में किया। कार्यक्रम में संयोजक विश्व वर्धन भट्ट, प्रांत सह मंत्री रवि ब्रह्मचारी, प्रांत संयोजक शुभम नाग, प्रांत सह संयोजक यशपाल साहू, प्रांत सेवा प्रमुख सौरभ देवांगन, विभाग मंत्री कांति लाल साहू, विभाग सह मंत्री श्रीनिवासन रेडी, विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप, जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता , योगेंद्र कौशिक, जिला संयोजक विष्णु ठाकुर , जिला कोषाअध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, जबीता मंडावी, जागेश्वर साहू ,प्रेम चालाकी, सरपंच बेनूराम कश्यप, उपसरपंच, नगर अध्यक्ष प्रतीक गुरु, नगर सह मंत्री भवानी चौहान, नगर सह संयोजक अजय प्रताप सिंह के अलावा तारापुर के बजरंगी उपस्थिति थे । इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। चिकित्सा शिविर में अनेक लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ एक एक पौधा अपनी माता के नाम से लगाकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया गया।



## सही व्यक्ति तक सही ढंग से पहुंचे राशन : कश्यप



**जगदलपुर।** विकास खंड लोहण्डीगुड़ा के ग्राम पंचायत गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप ने शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान पहुंचकर ग्रामवासियों को चावल वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया और ग्रामीणों का हाल जाना। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार गांव-गांव के प्रत्येक घर एवं आखिरी छोर के व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने समर्पित है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि राशन सही व्यक्ति तक सही ढंग से लगातार पहुंचता रहे। इस दौरान सुदरू सेठिया, सावेंद्र सेठिया, लखन कश्यप, चेतन ग्वाल, लखन कश्यप, मोती राम कश्यप सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नए बस स्टैंड में आधुनिक सुलभ शौचालय का शुभारंभ

# नागरिकों एवं यात्रियों को मिलेगी सुविधा : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- महापौर की पहल से सीएसआर मद से हुआ निर्माण

शहर के नए बस स्टैंड परिसर में आम नागरिकों एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक सुलभ शौचालय का शुभारंभ किया गया। यह शौचालय सीएसआर मद के अंतर्गत निर्मित किया गया है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस शौचालय के प्रारंभ होने से बस स्टैंड आने वाले प्रत्येक यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक शौचालय की सुविधा उपलब्ध होगी। नवनिर्मित सुलभ शौचालय में ऑटोमेटेड हैंड ड्रायर मशीन, महिलाओं के लिए मैनुअल सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन तथा इलेक्ट्रिक सैनिटरी नैपकिन इनसिनरेटर जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन सुविधाओं से विशेष रूप से महिला यात्रियों को बेहतर स्वच्छता एवं सम्मानजनक वातावरण मिलेगा। शौचालय का संचालन सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, रायपुर की संस्था द्वारा किया जाएगा, जो एक गैर-लाभकारी सामाजिक संस्था है।




### ये रहे उपस्थित

उद्घाटन के अवसर पर एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, कलावती कसेर, श्वेता बघेल एवं संजय विश्वकर्मा, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आर्यद्र सिंह आर्य, पार्षद श्याम सुन्दर बघेल, गायत्री बघेल, जोयस्टीन भवानी, एल्डरमैन अतुल कौशल, यशवर्धन राव, लक्ष्मी कश्यप, राजेश श्रीवास्तव, रोहित त्रिवेदी सहित भाजपा पदाधिकारी, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर रामनरेश पांडे, विधुशेखर झा, दीपक श्रीवास्तव, एवं आमजन उपस्थित रहे।

